हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 29 मार्च 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

2 हिन्दू नववर्ष के लिए शहर सजकर तैयार चार सौ से अधिक जवान रहेंगे तैनात



## खबर संक्षेप

### छोटे वाहनों पर कार्रवाई ओवरलोड वाहनों को छूट

**डभरा।** छोटे छोटे वाहन पर ही आजकल एमव्ही एक्ट की कार्यवाही करते हुए देखा जा सकता है, जबकि ओवरलोड और भारी भरकम वाहनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। विदित हो कि नगर पंचायत डभरा के थाना चौक में पिछले माह भर से एमव्ही एक्ट की कार्यवाही पुलिस के द्वारा की जा रही है, लेकिन एमव्ही एक्ट की कार्यवाही सिर्फ दो पहिया वाहनों और पिकप पर ही किया जा रहा है, जबकि सड़क पर ओवरलोड और भारी भरकमचल रहे वाहनो को खुली छूट दी गई है, जिन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। विदित हो कि क्षेत्र में सब्जी भाजी बेचने वाले दो पहिया वाहनों से सब्जी भाजी बेचने जाते और शाम को लौटते हैं इसके अलावा बड़ी संख्या में मजदूर अपने गांव से दूर मजदूरी कर शाम को लौटते हैं। उन पर एमव्ही एक्ट की कार्यवाही की जा रही है।

### नशे की गोली मिलाकर दैहिक शोषण, गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** युवक ने युवती को खाने में नशे की गोली मिलाकर अश्लील वीडियो बनाकर धमकी देने लगा और उसका दैहिक शोषण करने लगा। पीड़िता की रिपोर्ट पर 28 मार्च को थाना कासाबेल जिला जशपुर निवासी युवराज जैन उम्र 44 वर्ष के खिलाफ धारा -332 (ख), 64(2)(ड), 351(3) बीएनएस कायम किया। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर 28 मार्च को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

आरटीई एडमिशन में सर्वर ने लगाई ब्रेक, 31 मार्च लास्ट डेट

# शिक्षा का अधिकार: साढ़े 4 हजार सीटों के लिए 5 हजार आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत इस साल 4 हजार 463 सीटो पर गरीब वर्ग के बच्चो को भर्ती किया जाना है। वहीं अब तक इसके लिए 5 हजार 94 आवेदन प्राप्त हुए है। खास बात यह है कि आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है और सर्वर डाउन की समस्या के चलते आनलाइन आवेदन जमा करने में काफी परेशानी हो रही है।

गौरतलब है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत पात्र गरीब वर्ग के बच्चो को 25 फीसदी आरक्षित सीट के हिसाब से निजी स्कूलो में भर्ती किया जाना रहता है। विभागीय जानकारी के अनुसार जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक को मिलाकर 427 निजी स्कूलो का संचालन किया जा रहा है। जहां गरीब वर्ग के बच्चो के लिए 25 फीसदी आरक्षित सीट के हिसाब से 4 हजार 463 सीट का निर्धारित किया गया है। जिस हिसाब से सीट आरक्षित है। उसके हिसाब से अब तक 5 हजार 94 आवेदन प्राप्त हुए है। वहीं आनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया 1 मार्च से प्रारंभ हुई है। जिसकी अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। ऐसे में देखा जाए तो जिस हिसाब से सीट आरक्षित हुए है। उसके अनुसार अभी ज्यादा आवेदन जमा नही हो पाए है, जबकि विगत वर्षो में लगभग इतनी ही सीटों के लिए 7 हजार से अधिक जमा हुए थे। उल्लेखनीय है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 10 वी तक की शिक्षा गरीब वर्ग के बच्चो को आरटीई के तहत प्रदान की जाती है, लेकिन सर्वर डाऊन की समस्या के चलते पोर्टल नही खुल पा रहे है। जांजगीर चाम्पा जिले में पिछले साल वर्ष 2023 एवं 24 में जहां 456 निजी स्कूलो का संचालन किया जा रहा था। वह आंकडा अब घटकर 427 हो गया है। इस साल 29 निजी स्कूल कम हो गए है। बावजूद इसके सीटों की संख्या पिछले साल के लगभग ही है, लेकिन पोर्टल में आ रही समस्या के चलते आवेदन अभी निर्धारित सीट साढ़े 4 हजार के लिए मुश्किल से 5 हजार ही जमा हो पाए है। इनमें भी जांच के बाद अधिकांश आवेदन निरस्त होते है। इधर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि में भी तीन दिन ही बचे है। कुल मिलाकर पोर्टल की समस्या ने आवेदकों की संख्या कम कर दी है।




### वित्तीय वर्ष 2024-25 का भुगतान लंबित

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत जांजगीर चांपा जिले के 456 निजी स्कूलों के संचालकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में करीब 4 हजार से अधिक गरीब बच्चों को अपने निजी स्कूलों में भर्ती किया गया था। वहीं कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक प्रति बच्चे शासन द्वारा 8 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है। इसी प्रकार कक्षा दसवीं के छात्रों के लिए शासन द्वारा प्रति बच्चे 12 हजार रुपए की राशि खर्च की जाती हे। यह राशि निजी स्कूल संचालकों को अब तक नहीं मिल पाई है। जिसके चलते उनके सामने आर्थिक समस्याएं खड़ी हो रही है। देखा जाए तो हर साल इस तरह की समस्या निजी स्कूल संचालकों को होती है। इसके बावजूद जिम्मेदार स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े अफसरों के द्वारा निजी स्कूल संचालकों की समस्याओं को लेकर ध्यान नहीं देते। इस समस्या को लेकर संचालकों के द्वारा कलेक्टर सहित शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों से फरियाद भी लगाते है। बावजूद इसके निजी स्कूल संचालकों को समय पर राशि नहीं मिल पाती।

### ये दस्तावेज जरूरी

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीब वर्ग के बच्चो को निजी स्कूलो में प्रवेश के लिए अभिभावक का आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल सर्वे सूची मे नाम, 2011 सामाजिक आर्थिक जनगणना में नाम, बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, एवं अन्य तरह का दस्तावेज जरूरी है।

### ले रहे आवेदन

आरटीई के तहत 427 निजी स्कूलों में गरीब वर्ग के बच्चो को भर्ती किया जाना है। इसके लिए 4 हजार 463 सीट निर्धारित किया गया है। इसके लिए अब तक 5 हजार 94 आवेदन आनलाइन प्राप्त हो चुके है। वही एडमिशन के लिए आवश्यक दस्तावेज जरूरी है।

-आशुतोष सिंह
प्रभारी, आरटीई, जांजगीर चाम्पा

# भारतीय स्टेट बैंक में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

## आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



फर्जी भारतीय स्टेट बैंक में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम छपोरा का है।

इस संबंध में मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जीवराखन कावड़े मुख्य प्रबंधक ने 27 सितंबर 2024 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की ग्राम छपोरा में फर्जी भारतीय स्टेट बैंक शाखा 18 सितंबर से खुला है। बैंक में 6 व्यक्ति कार्यरत है। पूछताछ करने पर अनिल भास्कर एवं अन्य के द्वारा एक राय होकर भारतीय स्टेट बैंक में नौकरी लगाने के नाम पर रुपए लेकर कूट रचना करते हुए फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर फर्जी बैंक खोल कर धोखाधड़ी किये है। रिपोर्ट पर उपरोक्त अपराध धारा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पूर्व में आरोपी अनिल भास्कर, नरेंद्र साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। 7 आरोपी फरार थे। फरार 7 अन्य आरोपी की पता तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, एएसपी हरीश यादव, मनीष कुंवर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ती के द्वारा फरार आरोपीयो को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया। जिसके परिपालन में मामले के फरार आरोपी हीरा उर्फ कुनाल दिवाकर को ग्राम तालदेवरी में उसके घर में घेरा बंदी कर पकड़े जिसे अभिरक्षा में लेकर थाना लाकर पूछताछ कर मेमोरेंडम कथा लेने पर अपने अन्य साथियों के साथ फर्जी एसबीआई बैंक छपोरा का सेटअप तैयार करना, पीड़ितों से डॉक्यूमेंट लेना तथा ठगी की रकम को एकत्रित करना, जुर्म स्वीकार किया है। मामले में नौकरी लगाने के नाम से पीड़िता से लिए गए पेन कार्ड, कक्षा 10,12 वी का मार्कशीट, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र एवं बैंक पासबुक आरोपी से जप्त किया गया है। आरोपी को 28 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सतरूपा ताराम थाना प्रभारी मालखरौदा उप निरीक्षक सी.पी. कंवर, सहायक उप निरीक्षक राधेश्याम राठौर, प्रधान आरक्षक योगेश्वर बंजारे, आरक्षक सेतराम पटेल, हिरेंद्र राजपूत, शत्रघन जांगड़े का योगदान रहा है।

# भू विस्थापितों ने रैली निकालकर कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मड़वा ताप विद्युत कामगार एवं भूविस्थापित श्रमिक संघ एटक के द्वारा अटल बिहारी बाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र परियोजना में ली गई सिंचित भूमि के भू-विस्थापितों को नौकरी दो, की मांग को लेकर पिछले 128 दिनों से विद्युत संयंत्र के प्रवेश द्वार चौक दर्राभांठा पर नौकरी लेने के लिए चरणबद्ध अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। इसी मुद्दे को लेकर हाकी मैदान जांजगीर से मड़वा संयंत्र के भू-विस्थापितों के द्वारा पैदल चलकर कचहरी चौक होते हुए,गगन भेदी नारों, इंकलाब जिंदाबाद, भू-विस्थापितों को नौकरी दो, भू-विस्थापितों को जीवन निर्वहन भत्ता दो, मजदूर यूनियन जिंदाबाद आदि नारों के साथ एसडीएम कार्यालय जांजगीर तक पैदल रैली निकालकर पुनः ध्यानाकर्षण के लिए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य कर्मियों और मितानिनों का किया गया सम्मान

**कोरबा।** जिले के प्रेम नगर स्थित सामुदायिक भवन में स्वास्थ्य से जुड़ी महिलाओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ महिला पुरुष कर्मचारियों के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में मितानिन दीदियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मितानिन दीदियों ने कहा कि बहुत सारे वार्डो में हमे ऐसा सम्मान नही मिलता और मिलता भी है तो केवल मितानिन दिवस 23 नवम्बर को ही होता है, समाजसेवी भूपेंद्र बरेठ द्वारा हमारा यहां आज सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी भूपेंद्र बरेठ के साथ, गोविंद सिंह,कांति साहू, जीवन लाल साहू, विजया साहू, रमेश गुप्ता, अनिता खुटे, संजय खूंटे,अर्चना साहू, बसंत, ओम गभैल, नागेन्द्र विश्वकर्मा, अनिता वर्षागढे, बसंत मार्टिन,मधु अहिरवार के साथ क्षेत्र के गणमान्य जन उपस्थित रहें।

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने रतिजा में अतिरिक्त भवन का किया भूमिपूजन



**हरदीबाजार।** पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत रतिजा के प्राथमिक शाला प्रांगण में दस लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष भवन का भूमि पूजन श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल उपाध्यक्ष जिला पंचायत के द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने गांव की अन्य समस्या भी बताई जिसका निराकरण करने की बात रखी । इस पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि केंद्र,राज्य व जिला में मंत्री, क्षेत्र में विधायक डबल इंजन की सरकार है,विकास निश्चित होगा, धीरे-धीरे समस्या का समाधान भी होगा। इस दौरान निकिता मुकेश जायसवाल द्वारा शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम सरपंच श्रीमति कविता कंवर, सरपंच प्रतिनिधि प्रताप सिंह कंवर, नवरतन सिंह राजपूत, रणजीत निर्मलकर, करमजीत निर्मलकर, विकास निर्मलकर, इन्द्रसेन साहू, दिलेश पटेल, लोकेश राठौर , जवाहर सिक्टा, लखन लाल सिक्टा, बैजनाथ राठौर, कमलेश सिक्टा, दीनदयाल साहू, सुरीत राम, राजकुमार कंवर, मोहनपाल निर्मलकर, गंगाराम राठौर, संजय साहू, नीरज साहू उपस्थित रहे।

### खदान क्षेत्र के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान



**हरदीबाजार।** ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के द्वारा हरदीबाजार में कोयला खदान से प्रभावित ग्राम के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान व परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमे कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष सदस्य, जनपद सदस्य और सरपंच पंच और नगरीय निकाय के पार्षद भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में सविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर की छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान एसईसीएल के गेवरा, दीपका, कुसमुंडा, कोरबा क्षेत्र के खदानों से प्रभावित ग्रामो के 7 जनपद सदस्य, 35 सरपंच, 10 पार्षद, उपसरपंच और पंचों को प्रकृति के प्रतीक हरा गमछा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल ने अपने सम्बोधन में ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा आंदोलन के साथ ही ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए लगातार प्रशिक्षण के माध्यम से पुनर्वास नीति, पैसा कानून, वनाधिकार कानून, जैसे विषयों पर लोंगो को अपने हक और अधिकार की जानकारी देते हैं।

## शहर के कई स्थानों पर बनेगी अस्थाई चौकी, फायर ब्रिगेड भी रहेगा तैनात

# हिन्दू नववर्ष के लिए शहर सजकर तैयार चार सौ से अधिक जवान रहेंगे तैनात



चौक चौराहों पर तैनात पुलिस के अधिकारी।



इस तरह पावर हाउस रोड को सजाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हिंदू नव वर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए शहर के दो अलग-अलग स्थान से विशाल रैली व झांकी निकाली जाएगी। इस दौरान आम लोगों की भारी भीड़ एकत्रित होने की संभावना है। इसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की है। आम लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए शहर के अलग-अलग स्थान में अस्थाई चौकी के साथ 4 सौ से अधिक पुलिस जवानों को तैनात किया जाएगा। इसके लिए पुलिस के अफसरों ने अंतिम रुपरेखा तैयार कर ली है।

उल्लेखनीय है कि देशभर में हिन्दू नववर्ष का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए ऊर्जाधानी में भी विशेष तैयारी की गई है। शहर के कोसाबाड़ी से टीपी नगर के बीच व सीतामढ़ी चौक से टीपी नगर बस स्टैंड तक दो अलग-अलग रैली आयोजित की गई है। इसके लिए देश के विभिन्न राज्यों से झांकी मंगाई जा रही है। ढोल ताशा के साथ झांकी निकाली जाएगी। इस झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होंगे। इसके लिए शहर के मुख्य मार्ग को पुलिस द्वारा पूरी तरह से बंद कर डायवर्ट किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर आईपीएस रविंद्र मीणा व अन्य अधिकारी कर्मचारी इस पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए तैयारी में जुटे हुए हैं। आईपीएस रविंद्र मीणा ने बताया कि हिन्दू नववर्ष के लिए 400 से अधिक पुलिस के अधिकारी व कर्मचारियों को चप्पे चप्पे में तैनात किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की कोई खामी न रहे इसके लिए पुलिस द्वारा शहर के अलग-अलग स्थान में पुलिस चौकियां तैयार की जा रही है तो वहीं दूसरी ओर आधा दर्जन से अधिक ऊंचे ऊंचे मचान तैयार किए जा रहे हैं। जहां पुलिस के अधिकारी बकायदा लाउडस्पीकर व बायनोकूलर कैमरा के साथ तैनात रहेंगे और अनाउंसमेंट कर आम लोगों को आगाह करते रहेंगे इसके अलावा फिक्स पॉइंट पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे और रैली व झांकी को सुरक्षित आगे बढ़ाने के लिए रास्ता पार्टी भी अलर्ट रहेगी और रास्ता पार्टी सड़क को आगे क्लियर करती रहेगी।

### दीपोत्सव के साथ हिंदू नववर्ष मनाने की तैयारी

पाली नगर में हिंदू नववर्ष धूमधाम से मनाने तैयारी की संस्कार भारती इकाई पाली की ओर से की जा रही है। हिन्दू नववर्ष के स्वागत में पाली शिव मंदिर प्रांगण सहित नौकोनिया तालाब पाली में 5100 दीप प्रज्वलित कर दीप उत्सव मनाने की तैयारी की है। आयोजक मंडल संस्कार भारती इकाई पाली नगर में विभिन्न अवसरों पर अलग अलग तरीके से आयोजन करते रहती है इसमें से दीपोत्सव भी एक खास अवसर होगा हिन्दू नववर्ष के भव्य स्वागत का, संस्कार भारती इकाई पाली से सभी नगर सहित क्षेत्र वासियों से अपील की है कि 30 मार्च हिन्दू नववर्ष के दिन सभी अपने घर के द्वार पर कम से कम पांच दीपक जलाकर इस अवसर को और भव्य बनाएं और साथ ही साथ बड़ी संख्या में शिव मंदिर प्रांगण शाम 6 बजे पहुंचे ताकि दीपोत्सव का कार्यक्रम और भव्य हो सके।





जिला पंजीयक कार्यालय।

## रजिस्ट्री कार्यालय का सर्वर डाउन चार दिन से दफ्तर में उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में रजिस्ट्री ऑफिस में चार दिनों से सर्वर ठप है। जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए भूस्वामियों को इंतजार करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय से 10-40 किमी दूर से आने वालों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।

जिन भूस्वामियों ने सोमवार से जमीन की रजिस्ट्री कराने दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी कर दी है, उनका गुरुवार को भी काम नहीं हुआ। सर्वर डाउन होने से राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। बुधवार को टोकन लेने के बाद लोग सर्वर चालू होने का इंतजार करते बैठे रहे। रजिस्ट्री कार्यालय में गुरुवार को 30 से ज्यादा लोग रजिस्ट्री के लिए आए थे। दोपहर तक एक रजिस्ट्री ही हो पाई थी। शाम को लोग निराश होकर घर जाने लगे। अप्रैल महीने में जमीन खरीदी-बिक्री की नई गाइडलाइन आने वाली है। इसका असर भी लोगों में देखा जा रहा है। इस कारण लोग मार्च में ही अपनी रजिस्ट्री कराना चाहते हैं। हालांकि सर्वर इसमें सबसे बड़ा रोड़ा बना हुआ है। पूरे परिवार के साथ पहुंचने वालों को निराशा हाथ लग रही है। नवरात्रि हो या धनतरेस रजिस्ट्री ऑफिस में इतनी भीड़ नहीं उमड़ती, जितनी अभी उमड़ रही है। त्योहार में भी रजिस्ट्री कार्यालय का परिसर खाली रहता है। 31 मार्च के पहले ही लोग रजिस्ट्री कराना चाहते हैं। इस कारण लोग शाम तक इंतजार भी कर रहे हैं। घंटों कतार में खड़ा होना पड़ रहा है। शासन ने आदेश जारी किया है कि 31 मार्च तक छुट्टी के दिन भी रजिस्ट्री होगी। 29 मार्च और 30 मार्च और 31 मार्च ईद के दिन भी कार्यालय खुला रहेगा और लोग रजिस्ट्री करा सकेंगे। इस दिन रजिस्ट्री कराने पर शुल्क भी एक हजार रुपए अधिक देना होगा।

## परमिट टू वर्क प्रणाली पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम





प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कोरबा में ईडीसी में वाई.वी. राव, पूर्व क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, एसआरएचक्यू, एनटीपीसी लिमिटेड के सहयोग से परमिट टू वर्क प्रणाली पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच सुरक्षा जागरूकता और प्रक्रियागत अनुशासन को मजबूत करना है, विशेष रूप से उन कार्यों के लिए जो उच्च जोखिम वाले होते हैं। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में 90 से अधिक ऑपरेशन और मेंटेनेंस कर्मचारी भाग ले रहे हैं, जिसमें मुख्य रूप से कम्पिटेंट पर्सन, ऑथराइज़्ड पर्सन और सीनियर ऑथराइज़्ड पर्सन शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षा नियमों के कड़े अनुपालन को सुनिश्चित करना और एनटीपीसी कोरबा की कार्यस्थल सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रणाली के महत्वपूर्ण पहलुओं को कवर करता है, जिनमें सुरक्षा का महत्व, कार्य परमिट के प्रकार और उनकी जारी करने की प्रक्रिया, जोखिम की पहचान और न्यूनीकरण, अनुपालन आवश्यकताएं शामिल हैं। वाई.वी. राव जो सुरक्षा प्रबंधन और संचालन के क्षेत्र में एक अनुभवी विशेषज्ञ हैं, इस प्रशिक्षण का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कई एनटीपीसी परियोजनाओं में काम किया है और उनके अनुभव से प्रतिभागियों को बहुमूल्य जानकारी प्राप्त होगी। श्री राव 2017 में एनटीपीसी एसआरएचक्यू, हैदराबाद से क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे। सुरक्षित कार्य प्रणालियों को मजबूत करके, यह पहल एनटीपीसी कोरबा में एक अधिक सुरक्षित कार्य वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### अर्थशास्त्र, पशुपालन, सहित अन्य संकायों का परीक्षा

**कोरबा।** जिले में कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों पर नियंत्रण लगाने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन कर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। 24 मार्च को हायर सेकेंडरी स्कूल के जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन, दुग्ध प्रौद्योगिकी मत्स्य पालन एवं कुक्कुट पालन, भारतीय कला का इतिहास, विज्ञान के तत्व विषय का परीक्षा संपन्न हुआ। उक्त विषयों की परीक्षा हेतु जीव विज्ञान विषय में दर्ज 3001 में से 2976 उपस्थित व 25 अनुपस्थित रहें। अर्थशास्त्र में दर्ज 5046 विद्यार्थियों में से उपस्थित 4966 व अनुपस्थित 80 रहें। पशुपालन विषय के दर्ज 252 विद्यार्थियों में से उपस्थित 247 व अनुपस्थित 5 रहे। दुग्ध प्रौद्योगिकी मत्स्य पालन एवं कुक्कुट पालन में दर्ज 22 विद्यार्थियों में से उपस्थित 21 व 1 अनुपस्थित रहे। भारतीय कला का इतिहास में दर्ज 4 व उपस्थित विद्यार्थियों की संख्या 4 है। संपन्न हुए परीक्षा के अंतर्गत कुल 8325 दर्ज बच्चों में से 8214 विद्यार्थी उपस्थित एवं 111 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

## एसईसीएल में कंज्यूमर मीट का आयोजन


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल द्वारा बुधवार को मुख्यालय बिलासपुर में कोयला उपभोक्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से एक कंज़्यूमर मीट का आयोजन किया गया। कोल इंडिया द्वारा विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में कंज़्यूमर मीट के आयोजन को बढ़ावा दिया जा रहा है और इसी क्रम में एसईसीएल द्वारा इस बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीएमडी जेपी द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि एसईसीएल अपने उपभोक्ताओं के हितों को सबसे ऊपर रखती है और हम आपको समय पर हाई क्वालिटी कोल की आपूर्ति करने के लिए पूर्ति तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इस आयोजन के लिए विक्रय एवं विपणन विभाग की टीम को बधाई दी एवं आगे भी इसी तरह के आयोजन करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। एसईसीएल, निदेशक (तकनीकी संचालन) एन फ्रैंकलिन जयकुमार ने आगंतुकों को संबोधित करते हुए उपभोक्ता की समस्याओं के त्वरित निवारण की आवश्यकता पर बल दिया।

## संभागीय उड़नदस्ते की टीम पहुंची थी छापा मारने, मिला 5 ग्राम गांजा, हो गई झूमाझटकी



**कोरबा।** बुधवारी बस्ती में एक मकान व ठेले में अवैध गांजा की सूचना बिलासपुर के संभागीय उड़नदस्ते की टीम को मिली थी। उड़नदस्ते की टीम ने गुरुवार को छापा मारा जहां गांजा की कोई बड़ी खेप को नहीं मिली है।

आरोपी के कब्जे से एक पुड़िया में 5 ग्राम गांजा जप्त किया गया है। मौके पर टीम को हुज्जतबाजी का सामना जरुर करना पड़ा। हालांकि इस छापेमारी की सूचना जिला स्तरीय टीम को नहीं दिए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई है लेकिन देर रात तक इस मामले में कोई अपराध दर्ज नहीं किया है। हालांकि पुलिस ने उड़नदस्ता टीम में शामिल एक चालक का मुलाहिजा जरुर कराया है। मामला सामने आने पर पुलिस कार्यवाही जरुर करेगी। सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बस्ती में निवासरत मोनू चौहान उर्फ चंद्रप्रकाश चौहान 20 वर्ष द्वारा 500 की रोजी पर वह गांजा बेचने का अवैध कारोबार करता था। बिलासपुर उड़नदस्ते की टीम को इसकी सूचना मिली थी।

## ग्रामीणों को बारिश के समय होती है अधिक परेशानी

# विकास की धूल में खोई सड़क, कब बनेगा बेला-परसाखोला मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले में एक ऐसी सड़क है, जो ग्रामीणों के लिए हर दिन एक नई चुनौती बनकर सामने आती है। ग्राम पंचायत बेला के आश्रित गांव परसाखोला से बेला तक जाने वाला यह कच्चा रास्ता अब अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहा है।

टूटी पुलिया, फिसलन भरी मिट्टी और बारिश में पानी का जमाव यह सड़क ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। लोग उम्मीद भरी नजरों से सड़क बनने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उनकी उम्मीदें अब तक अधूरी हैं। परसाखोला से टापरा होते हुए बेला तक जाने वाली यह सड़क कभी ग्रामीणों के लिए आसान रास्ता थी, लेकिन अब यह उनकी मुश्किलों का पहाड़ बन गई है। यह कच्ची सड़क अभी तक पक्की नहीं बन पाई है। इस मार्ग पर बनी दो पुलिया भी अब पूरी तरह ढह चुकी हैं। बारिश का मौसम आते ही हालात और बिगड़ जाते हैं। मिट्टी फिसलन भरी हो जाती है और टूटी पुलिया की जगह पानी भर जाता है। नतीजा? ग्रामीणों का आवागमन लगभग ठप हो जाता है। पैदल चलना हो या साइकिल से जाना, हर कदम पर जान जोखिम में पड़ती है। गांव के बुजुर्ग राम सिंह कंवर की आंखों में इस सड़क का दर्द साफ झलकता है। उन्होंने बताया हमें बेला जाने के लिए इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बारिश में तो हालत और बदतर हो जाती है। हम लोग सालों से इस सड़क के बनने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क न सिर्फ परसाखोला और बेला को जोड़ती है, बल्कि ग्रामीणों के सपनों को भी शहर की सुविधाओं से जोड़ने का जरिया बन सकती है।

### क्यों जरूरी है ग्रामीणों के लिए यह सड़क?

यह सड़क सिर्फ मिट्टी और गड्ढों का रास्ता नहीं है, बल्कि ग्रामीणों की जिंदगी का आधार है। बच्चों को स्कूल जाना, मरीजों को अस्पताल पहुंचना, और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए बाजार तक पहुंचना सब कुछ इसी रास्ते से होकर गुजरता है लेकिन सड़क की बदहाली ने इन सबको मुश्किल बना दिया है। अगर यह सड़क पक्की हो जाए और पुलिया ठीक हो जाएं, तो न सिर्फ आवागमन आसान होगा, बल्कि गांव की तरक्की के रास्ते भी खुलेंगे।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन, M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M, बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट, बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन, M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai), Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन, B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H, दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि।
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

28-Mar- KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 3/28/2025 7:42 PM Page 1





# ओटीटी पर 28 को स्ट्रीम होगी 'देवा'

**मुंबई।** शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की फिल्म 'देवा' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आने वाली है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'भसड़ मचा, ट्रिगर चला... देवा आ रहा है।' फिल्म 28 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'देवा' में शाहिद के साथ पूजा प्रवेश राणा, मनीष वाधवा, गिरीश कुलकर्णी, गौरव मोरे और प्रवीण पाटिल अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी।

लाइफ Style

# नुसरत
## अवॉर्ड शो में होती है मौज-मस्ती

एजेंसी ⏭ मुंबई

नुसरत भरुचा की फिल्म 'छोरी 2' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म में वो एक बार फिर से सभी को डराती नजर आ रही हैं। बीते दिनों जयपुर में हुए 25वें आईफा अवॉर्ड्स 2025 में नुसरत ने इस फिल्म को लेकर अपडेट दी थी। फिल्म के अलावा उन्होंने और भी कई दिलचस्प बातें शेयर कीं।

सबसे पहले नुसरत ने आईफा अवॉर्ड में शामिल होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जब किसी फिल्म को सिनेमाघरों में 25 हफ्ते पूरे हो जाते हैं तो हम सिल्वर जुल्बी मानते हैं, आईफा को तो 25 साल हो गए हैं। यह बहुत बड़ी बात है। यह एक मील का पत्थर है और मुझे खुशी है कि मैं आईफा का हिस्सा हूं। नुसरत से अवॉर्ड शो के दौरान अन्य सितारों से मुलाकात करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'आप लोगों को लगता है कि हम लोग अपने को-स्टार से बैक स्टेज मिलते हैं, लेकिन ऐसा है नहीं, क्योंकि जब तक हम जाते हैं, वो कहीं और चले जाते हैं। हां, यहां काम का प्रेशर नहीं होता है और हम खुलकर एंजॉय करते हैं। यहां थोड़ी मौज-मस्ती और मजाक होते हैं तो यहां आकर काफी मजा आता है।' जब नुसरत से उनके कॅरियर के दौरान उनका ड्रीम रोल निभाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरा जो ड्रीम रोल था वो मैं कर चुकी हूं और वो 'छोरी' है। मैं अपना ड्रीम रोल दो बार निभा चुकी हूं, एक छोरी में और दूसरा 'छोरी 2' में। इसके साथ नुसरत ने फिल्म के जोनर पर भी बात की। उन्होंने कहा कि यह प्योर हॉरर फिल्म है, इसमें कॉमेडी का तड़का नहीं है। हां समाज के लिए एक जरूरी संदेश है।



## हॉलीवुड मसाला



# 'डूम्सडे' की शुरू हुई शूटिंग

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो ने बीते बुधवार को जानकारी दी कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' फिल्म का निर्माण शुरू हो गया है। इसके साथ ही निर्माता ने कलाकारों के नाम का भी खुलासा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एमसीयू के कई दिग्गज कलाकार इसमें वापसी कर रहे हैं। इस नए भाग में कैप्टन अमेरिका, बकी बार्न्स, एंट मैन और लोकी के रूप में सभी एवेंजर्स इस भाग में वापस आ गए हैं। हालांकि, आयरन मैन इसमें नहीं नजर आएंगे।




# पति की सच्चाई जान टूट गई थीं मारिया

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन पत्रकार और लेखिका मारिया श्राइवर ने हाल ही में अपने उस वक्त को याद किया जब वो अपने पति अर्नोल्ड श्वार्जनेगर का अपनी नौकरानी से अफेयर का पता चलने के बाद टूट गई थीं। अपनी पुस्तक 'आई एम मारिया' में उन्होंने खुलासा किया कि अपने पति अर्नोल्ड के अफेयर के बारे में जानकर वह फूट-फूटकर रो पड़ी थीं। मारिया और अर्नोल्ड के चार बच्चे हैं, जिनके नाम कैथरीन श्वार्जनेगर प्रैट, क्रिस्टीना श्वार्जनेगर, पैट्रिक श्वार्जनेगर और क्रिस्टोफर श्वार्जनेगर हैं। मारिया ने अपनी किताब के एक अंश में लिखा है, 'जब मैं होटल के कमरे में फर्श पर अंधेरे में अकेले बैठी थी, मेरे चेहरे पर आंसू बह रहे थे।



# रातों-रात बदल सकती थी जिंदगी...

**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान पर इस साल जनवरी में उनके घर पर चाकू से हमला हो गया था, जिसमें अभिनेता घायल हो गए थे। हालांकि, तुरंत इलाज मिल जाने से अभिनेता अब पूरी तरह से ठीक होकर काम पर वापस भी लौट चुके हैं। अब इस घटना के लगभग 2 महीने के बाद सैफ की बेटी और अभिनेत्री सारा अली खान ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। सारा ने कहा कि इस घटना ने उन्हें एहसास कराया कि अगर चीजें गलत हो जातीं तो उनकी जिंदगी एक रात में कितनी बदल सकती थी। सारा ने इस घटना को लेकर ईश्वर का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, 'इससे आपको एहसास होता है कि असल में क्या मायने रखता है। पूरा परिवार सिर्फ कृतज्ञता और शुक्रिया अदा करता है, वर्ना बहुत कुछ गलत हो सकता था। मैं बहुत आभारी हूं कि सब कुछ ठीक है।




# 'ग्राउंट जीरो' का पहला पोस्टर जारी...

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान रखने वाले मशहूर एक्टर इमरान हाशमी अपनी आने वाली फिल्म में एक बीएसएफ कमांडर का किरदार निभाएंगे। फिल्म का नाम 'ग्राउंट जीरो' है। एक्सेल एंटरटेनमेंट ने जब से फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का एलान किया है तब से ही फिल्म ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। यह फिल्म देश के लिए बलिदान और राष्ट्र की रक्षा करने वालों पर आधारित होगी। इसमें इमरान हाशमी को पीछे की तरफ से दिखाया गया है। इमरान हाश ने टी-शर्ट पहनी हुई है और हाथ में बंदूक ले रखी है। पोस्टर में इमरान हाशमी काफी जोशीले नजर आ रहे हैं। पोस्टर के कैप्शन में लिखा है 'एक मिशन की अनकही कहानी जिसने कश्मीर को हमेशा के लिए बदल दिया।' ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# 'सीता मैया' का होने जा रहा छोटे परदे पर नया अवतार

**नई दिल्ली।** दूरदर्श पर रामानंद सागर की 'रामायण' में सीता का किरदार निभाकर देश-दुनिया में मशहूर हुईं दीपिका चिखलिया इन दिनों छोटे परदे पर फिर से सक्रिय हैं। हाल ही में धारावाहिक 'धरतीपुत्र नंदिनी' में दिखी दीपिका की धमाकेदार एंट्री अब धारावाहिक 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन' में गुरु मां के रूप में होने जा रही है। दीपिका अपने इस किरदार को लेकर खासी उत्साहित भी हैं। और, दीपिका से ज्यादा उत्साहित इस धारावाहिक की हीरोइन दीक्षा धामी हैं। पता चला है कि धारावाहिक 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन' अब एक बड़े और अनोखे बदलाव की ओर बढ़ रहा है। शो के हालिया ट्रैक में फिलहाल चैना के हालात और मुश्किल होते नज़र आ रहे हैं। वहीं, चमकीली अपनी चालाकी से परिवार को चैना के खिलाफ करने में सफल होती दिखाई देती है। लेकिन, कहानी में एक बड़ा मोड़ तब आएगा, जब गुरु मां के रूप में एक दैवीय शक्ति प्रकट होगी। चैना का किरदार निभा रही दीक्षा धामी बताती हैं, हम सभी अपने माता-पिता से सीता मैया के रूप में दीपिका जी को मिले सम्मान की बातें सुनकर बड़े हुए हैं। जब मैंने अपनी माँ को बताया कि मैं दीपिका जी के साथ काम करने वाली हूं तो वह खुशी से झूम उठीं और बोलीं कि अब मेरा हीरोइन बनना सफल रहा। पूरे मोहल्ले में उन्होंने इसका ढोल पीट दिया है। दीपिका जी इतनी बड़ी कलाकार होने के बावजूद बहुत विनम्र और सरल हैं। उनके साथ काम करना मेरे लिए बहुत ही सुन्दर अनुभव है और मुझे उनसे हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

## सिद्धार्थ की एंट्री से खुलेगा अर्शी का कौन सा राज? क्या करेंगे अनिरुद्ध और झनक?

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल झनक में हर रोज नए ट्विस्ट और टर्न आते रहते हैं। अब शो में एक और नया ट्विस्ट आनेवाला है। शो में नए किरदार की एंट्री से अर्शी, अनिरुद्ध, झनक के जीवन में बड़ा बदलाव आनेवाला है। कुछ रिपोर्ट्स का दावा है कि सिद्धार्थ की एंट्री से अर्शी के जीवन का बड़ा सच सामने आएगा। वहीं, झनक के जीवन में मुसीबत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जल्द ही झनक की कोर्ट में पेशी होगी और उसे वहां से राहत नहीं मिलेगी। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि झनक को जेल जाता देख अनिरुद्ध झनक की बात मान लेगा और बच्चे का डीएनए कराने को तैयार हो जाएगा। बच्चे के डीएनए से एक हैरान करने वाला खुलासा होगा। रिपोर्ट्स की मानें तो डीएनए में अर्शी के मां होने की बात होने की बात तो सामने आएगी, लेकिन बच्चे का पिता कोई है।



# जब इतनी गंदी पिक्चर बनेंगी तो फ्लॉप तो होंगी

**मुंबई।** सलमान खान बिना घुमाकर सीधी बात बोलते हैं। उनकी फिल्म सिकंदर 30 मार्च को रिलीज हो रही है। इस बीच वह मीडिया से बातचीत कर रहे हैं। बॉलीवुड में फिल्में क्यों नहीं चल पा रहीं, इस पर सलमान ने एक कड़वा सच भी बोला। सलमान ने कहा कि जो फिल्म नहीं चल रही इसका मतलब वो बुरी है। सलमान खान से जब बॉलीवुड के खराब फेज के बारे में पूछा गया तो बोले, 'जब इतनी गंदी पिक्चर बनेंगी तो फ्लॉप तो होंगी। जब बनती ही गंदी फिल्में हैं। इसमें मेरी भी शामिल हैं। अगर नहीं चली है तो इसका मतलब है कि ये बुरी फिल्म है। अगर चली तो अच्छी है।' सलमान ने फिल्म न चलने की जिम्मेदारी खुद भी ली। वह बोले, 'थिएटर में स्टार ही पोस्टर पर दिखता है। अगर फिल्म नहीं चलती तो उस पर भी ब्लेम आना चाहिए।' सलमान ने अपनी राय रखी कि फिल्में क्यों नहीं चल रही। वह बोले, राइटर अपने लिए फिल्म लिख रहे हैं। उनकी प्रतिस्पर्धा डायरेक्टर से है। एक प्रोड्यूसर दूसरे प्रोड्यूसर से। हर कोई दूसरे को ये दिखाना चाहता है कि फिल्म कैसे बनाई जाती है। आपको फिल्में दर्शकों के लिए बनानी हैं। ऐसे फिल्म बनानी है कि आप पहली रो में बैठकर फिल्म एंजॉय कर रहे हो।



# पहाड़ी कौए जैसी आवाज का क्या करूंगा, जब सुनील दत्त ने अमिताभ बच्चन को बनाया गूंगा

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन को उनकी भारी आवाज की वजह से ऑल इंडिया रेडियो से रिजेक्ट किया जा चुका है। यह बात ज्यादातर सिनेप्रेमी जानते हैं। सुनील दत्त ने भी जब बिग बी की आवाज सुनी थी तो उन्हें पसंद नहीं आई थी। इस वजह से उन्होंने अमिताभ बच्चन को अपनी फिल्म में कास्ट किया, लेकिन गूंगे का रोल दिया था। सुनील दत्त ने अमिताभ की आवाज को 'पहाड़ी कौए' जैसा भी बताया था।

## हीरो पसंद था पर नहीं जमी आवाज

एक्ट्रेस शीबा अग्रवाल के पति आकाशदीप सबीर ने बताया, 'जब मेरे पिता (मनमोहन सबीर फिल्म सात हिंदुस्तानी बना रहे थे, तो सुनील दत्त ने कुछ शो रील्स दिखाने को कहा। क्योंकि, उन्होंने एक इंट्रेस्टिंग एक्टर के बारे में सुना था। जिसे वह अपनी फिल्म रेशमा और शेरा में सेकंड हीरो के तौर पर कास्ट करना चाहते थे। 1972 में हमने उन्हें सात हिंदुस्तानी दिखाई। ट्रायल के बाद मेरे पिता और सुनील दत्त अजंता लॉबी में पी रहे थे। तब सुनील दत्त बोले, 'मनमोहन, ये लड़का दमदार है पर ये पहाड़ी कौए की आवाज का क्या करूंगा यार।' बाद में उन्होंने अमिताभ बच्चन को रेशमा और शेरा में कास्ट किया, जिसमें वह गूंगे बने थे। अमिताभ बच्चन के साथ ऐसा कौन करता है?'



## बिग बी को रिजेक्ट करने का पछतावा

एक्टर बनने से पहले अमिताभ बच्चन रेडियो प्रजेंटर बनना चाहते थे। उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो में नौकरी पाने की कई कोशिशें की थीं। उस वक्त जानेमाने शो बिनाका गीतमाला को प्रजेंट करने वाले अमीन सयानी ने अमिताभ बच्चन को नौकरी नहीं दी थी। हालांकि, बाद में उन्होंने कहा था कि इस बात का पछतावा रहेगा।

## बॉलीवुड के लिए इनकी हत्या की खबर किसी सदमे से कम नहीं थी

# महज सात फिल्में करने वाली प्रिया राजवंश ने बॉलीवुड पर छोड़ी गहरी छाप

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा में कुछ कलाकार ऐसे भी हुए, जिन्होंने चुनिंदा फिल्में कीं, लेकिन अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लिया। ऐसी ही एक अदाकारा थीं प्रिया राजवंश। 60 के दशक में अपना फिल्मी करियर शुरू करने वाली इस अभिनेत्री ने महज सात ही फिल्मों में काम किया। फिल्मी गलियारों में प्रिया राजवंश की अदाकारी की खूब चर्चा रही, लेकिन एक दिन इनकी हत्या की खबर मिली। बॉलीवुड के लिए यह खबर किसी सदमे से कम नहीं थी। 27 मार्च को अभिनेत्री प्रिया राजवंश की पुण्यतिथि थी।*



## ऐसे शुरू हुआ फिल्मों का सफर

प्रिया राजवंश 22 साल की रही होंगी जब लंदन में पढ़ाई कर रही थीं, इस दौरान एक फोटोग्राफर ने उनकी फोटो खींच ली। यह तस्वीर किसी तरह से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े फिल्म मेकर्स तक पहुंचीं। एक फिल्ममेकर ने प्रिया की तस्वीर चेतन आनंद को दिखाई। एक ही नजर में प्रिया राजवंश, चेतन आनंद को पसंद आ गईं। चेतन ने अपनी फिल्म 'हकीकत (1964)' में प्रिया राजवंश को साइन कर लिया। यह फिल्म बहुत बड़ी हिट साबित हुई और प्रिया राजवंश भी रातों-रात बॉलीवुड में मशहूर हो गईं।

## प्रिया राजवंश की हत्या

प्रिया राजवंश और चेतन आनंद एक खुशहाल जीवन साथ में जी रहे थे। अचानक चेतन का निधन (1997) हो गया। चेतन ने अपनी प्रॉपर्टी का एक बड़ा हिस्सा प्रिया के नाम किया था, साथ ही पहली शादी से हुए दो बेटों को भी संपत्ति में हक दिया। कहा जाता है कि यही बात आगे चलकर प्रिया राजवंश की हत्या का कारण बनीं। 27 मार्च 2000 को खबर मिली कि प्रिया राजवंश की उनके घर में हत्या हो गई है। हत्या के आरोप में चेतन आनंद के दोनों बेटों केतन और विवेक आनंद को गिरफ्तार किया गया। इस केस में चेतन के बेटों को सजा भी हुई, लेकिन साल 2011 में इन्हें जमानत मिल गई।

## प्रेम में डूब गए चेतन-प्रिया

धीरे-धीरे चेतन और प्रिया का रिश्ता भी निर्देशक और कलाकार का नहीं रहा। ये दोनों एक-दूसरे से प्रेम करने लगे थे। प्रिया राजवंश के लिए चेतन अपनी पहली पत्नी से भी अलग हो चुके थे। प्रिया राजवंश और चेतन आनंद साथ भी रहने लगे।

## चेतन आनंद के साथ की फिल्में

आगे चलकर जितनी भी फिल्में प्रिया राजवंश ने कीं, वह सभी चेतन आनंद ने ही निर्देशित की थीं। इन फिल्मों में अभिनय करने के अलावा फिल्ममेकिंग से जुड़े काम भी वह देखने लगीं। चेतन की बनाई फिल्म 'हीर रांझा' ने तो प्रिया को बॉलीवुड की एक बड़ी अभिनेत्री बना दिया।

## खबर संक्षेप

### घिवरा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं मेला महोत्सव आज से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा में चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर श्रीमद भागवत महापुराण कथा एवं मेला महोत्सव का शुभारंभ शनिवार 29 मार्च को कलश यात्रा के साथ होगा। कथा व्यास पंडित श्री कृष्णकांत महाराज श्रीधाम वृंदावन वाले होंगे। कथा का समापन 6 अप्रैल रविवार को होगा। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों के द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### नवोदय विद्यालय चिस्दा में आनंद साहू का चयन

**हसौद।** ग्राम गुंजियाबोड़ निवासी आनंद साहू पिता ओमप्रकाश साहू माता सुनीता साहू का चयन नवोदय विद्यालय चिस्दा में कक्षा छठवीं के लिए हुआ है। छात्र आनंद साहू सरस्वती शिशु मंदिर हसौद में कक्षा पांचवी का छात्र है। इनके चयन होने पर विद्यालय के प्राचार्य सुरेश कुमार राउत, विद्यालय समिति के अध्यक्ष राजकुमार साहू, व्यवस्थापक चेतन साहू जो की ग्राम गुंजियाबोड़ के वर्तमान सरपंच भी हैं एवं विद्यालय परिवार के समस्त आचार्य एवं दीदी एवं ग्रामवासी में हर्ष व्याप्त है। सभी ने आनंद को बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



### हिन्दू नववर्ष पर बजरंग दल निकालेगा शोभा यात्रा

**बिर्रा।** ग्राम करही में बजरंग दल के द्वारा शोभायात्रा एवं रात्रि कालीन कार्यक्रम का आयोजन 30 मार्च रविवार को रखा गया है। दोपहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो ग्राम के बाजार चौक से होकर किकिरदा जाएगी उसके बाद ग्राम देवरीमठ तक जाएगी। रात्रि 8 बजे से बाजार चौक करही में जय मां काली कालिका मानस मंडली परसदा मस्तूरी, मानस परिवार जुड़ा, किंकर मानस परिवार कर्मदा, मानस मंडली बैरा, भारती वैष्णव मानस परिवार नवागढ़ आदि प्रस्तुति होगी। बजरंग दल के सदस्यों ने सभी से उपस्थित होने का अपील किए हैं।

### राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के लिए अंकिता चयनित

**अकलतरा।** श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय, बनाहिल में अध्ययनरत बीसीए.द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा अंकिता रात्रे का राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर में चयन हुआ है। अंकिता निरंतर तीन साल से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के रूप में अपनी भूमिका निभा रही है जिसके चलते शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ ने उसका चयन उत्कृष्ट स्वयंसेवक के रूप में सात दिवसीय राज्य स्तरीय विशेष शिविर के लिए किया है। अंकिता के चयन होने पर डॉ. सुशील एक्का, डॉ. बी.के. पटेल, डॉ. जे.के. जैन, अंकित जैन, अरविंद मिरी, सुश्री दुर्गा टंडन महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।



## निधन

### रंभा देवी गौरहा

**कोसला।** समीपस्थ ग्राम मेंऊ के प्रतिष्ठित नागरिक शुभ्रमण्यम शर्मा (बुल्ला) की माता श्रीमती रंभा देवी गौरहा (कसडोलहीन देवी) का गुरुवार 27 मार्च की रात्रि 10 बजे 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 28 मार्च की सुबह गृह ग्राम मेंऊ में किया गया। मुखाग्नि पुत्र उदयशंकर शर्मा ने दी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन एवं लोग शामिल हुए। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गईं है।



### धनसाय टंडन

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत पेण्ड्री के प्रतिष्ठित नागरिक धनसाय टंडन का बुधवार 26 मार्च को 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी समेत भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, सजातीय बंधु समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे ग्राम के पंच भुवनेश्वर टंडन एवं स्व. भोजराम टंडन के पिता थे।



जल्द ही सड़क का निर्माण नहीं होने पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# गोधना-कांसा के बीच अब तक नहीं बनी पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आदर्श ग्राम गोधना और कांसा गांव के बीच पक्की सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्षों से पक्की सड़क निर्माण की मांग करने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत गोधना से ग्राम पंचायत कांसा की दूरी लगभग 3 किलोमीटर है। यहां के लोगों को आज तक पक्की सड़क नसीब नहीं हो पाई है। लोग आज भी कच्ची सड़क से आवागमन करने हेतु विवश हैं। सड़क बनाने को लेकर ग्रामीण लगातार मांग कर रहे है, बावजूद इसके ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मजबूरन लोग कच्ची सड़क पर चलने मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में कच्ची सड़क पर चलना बेहद मुश्किल हो जाता है, जिससे बीमार और बुजुर्ग लोगों को अस्पताल ले जाना भी चुनौती बन जाता है। वहीं अन्य दिनोंमें उड़ने वाले धूल से परेशानी होती है। गांव के विजय अजगले ने बताया कई बार अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला हैं। सड़क नहीं होने से स्कूल जाने वाले बच्चों और किसानों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि सड़क निर्माण की योजना तैयार कर ली गई है और जल्द ही इसके लिए बजट स्वीकृत किया जाएगा। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि वे अब केवल वादे नहीं, बल्कि सड़क निर्माण का कार्य शुरू होते देखना चाहते हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मुद्दे पर कितनी जल्दी कार्रवाई करता है।



मार्ग में जगह-जगह बने गड्ढे एवं कच्ची सड़क से होकर गुजरते राहगीर।

# आईपीएल मैच में सट्टा खिलाते दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भिंडवानी बंधवा तालाब के पास आईपीएल मैच में मोबाईल के माध्यम से आनलाईन रूपये पैसो का दाव लगाकर बीग विकेट के माध्यम से सटटा खिलाने वाले दो आरोपियों को सक्ती पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से मोबाईल बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा अवैध रूप से जुआ, सट्टा खेलने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देश दिया गया है। इसी दिशा निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनीष कुंवर के नेतृत्व में क्षेत्र में मुखबिर तैनात कर सूचना प्राप्त किया जा रहा है। 27 मार्च को मुखबिर से सूचना मिला कि करन भिंडवानी बंधवा तालाब पचरी में आईपीएल के मैचों में अपने मोबाईल के माध्यम से आनलाईन रूपये पैसो का दाव लगाकर बीग विकेट के माध्यम से सटटा खेल रहा है। मुखबिर के बताये स्थान पर पुलिस ने रेड कार्यवाही किया। एक व्यक्ति उपस्थित मिला तथा अपने मोबाईल में आनलाईन सटटा खेलते हुए मिला। पूछताछ करने अपना नाम करन भिंडवानी पिता घनश्याम दास भिंडवानी उम्र 28 वर्ष निवासी साई मंदिर के पास सक्ती का रहने वाला बताया। करन भिंडवानी द्वारा बिग विकेट सट्टा खेलना स्वीकार किया। जिसके संबंध में नोटिस देने पर कोई वैध लाईसेंस नही होना लिखकर दिया। उसका मोबाइल चेक करने पर आनलाईन सटटा ऐप बिग विकेट नामक ऐप होना तथा ऐप के माध्यम से आनलाईन रूपये पैसो का दाव लगाकर आईपीएल के मैचों में सट्टा खेलना पाया गया। आरोपी करन भिंडवानी को धारा 07 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इसी तारतम्य मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि निखिल शर्मा पिता राजकुमार शर्मा बंधवा तालाब के पास आईपीएल के मैचों में आनलाईन रूपये पैसो का दाव लगाकर सटटा खेल रहा है। रेड कार्यवाही कर उसके पकड़ा गया। निखिल शर्मा द्वारा सटटा खेलना स्वीकार किया। आरोपी निखिल शर्मा पिता राजकुमार शर्मा उम्र 27 वर्ष निवासी हटरी चौक सक्ती का कृत्य धारा 07 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का अपराध घटित करना पाये जाने से गिरफतार कर विधिसम्मत कार्यवाही किया गया। इस कार्यवाही में एसडीओपी मनीष कुंवर निरीक्षक बृजेश कुमार तिवारी थाना प्रभारी सक्ती, सहायक उपनिरीक्षक रामकुमार रात्रे, प्रधान आरक्षक शब्बीर मेमन, तेजकुमार गबेल, संजीव शर्मा, प्रेम राठौर, अशोक कर्ष, मनोज जाना व आरक्षक फारूख खान, कपील साण्डे, पवन सांडे, खगेश्वर राठौर, यादराम चंद्रा, प्रमोद खाखा, शारदा प्रसाद मिरी, परमेश्वर मिरी, विनोद कटकवार का योगदान रहा।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

## पोता में मूर्ति स्थापना के साथ रुद्र महायज्ञ शुरु



**मालखरौदा-पोता।** ग्राम पंचायत पोता में विगत 25 वर्षों से विश्व शांति के लिए श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी 27 मार्च को भगवान भोले शंकर का मूर्ति स्थापना के साथ ही रुद्र महायज्ञ शुरू हो गया है। 27 मार्च को जहां मूर्ति स्थापना हुआ 29 मार्च को कलश यात्रा निकाली जाएगी तो 30 मार्च को वेदी पूजन होगा। 31 मार्च को हवन का कार्यक्रम होगा, जबकि पूर्ण आहुति एवं ब्राह्मण भोजन 6 अप्रैल को होगा। यह आयोजन पोता के रुद्र महायज्ञ समिति द्वारा हर वर्ष किया जाता है वहीं इस अवसर पर यहां पर मेंला का भी आयोजन किया जाता है, जहां तमाशा, सिनेमा, सर्कस, डांस, झूला, विभिन्न मनोरंजन के साधन पहुंचते हैं वहीं श्री रूद्र महायज्ञ में पहुंचे ग्रामीण भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने के उपरांत मेंला का भी आनंद लेते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारी जुटे हुए है। मेला देखने मालखरौदा, कलमी, मोहतरा, अमनदूला, चरोदा, मुक्ता, चरोदी बंदोरा करीगांव ,बड़े पाङरमुडा के ग्रामीण पहुंचते हैं।

# लोगों को नशे से दूर रखने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्राम पंचायत लखाली में लोगों को नशे से दूर रखना गांव में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस बीच गांव के सरपंच उप सरपंच एवं पंचों की उपस्थिति में रैली भी निकाली गई।

**खास बात**

- ग्राम पंचायत लखाली में पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चलाया गया अभियान

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिला अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लखाली मे नवनिर्वाचित सरपंच उप सरपंच एवं पंचो की उपस्थिति में लोगों को नशे से दूर रखना के उद्देश्य से नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को शराब से दूर रहने गांजे से दूर रहने एवं इसके शरीर पर होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी भी दी गई नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों के द्वारा गांव में नशा मुक्ति अभियान चला कर रैली भी निकल गई। ग्राम पंचायत की आबादी 3 हजार से अधिक है वही गांव में वार्ड 17 है गांव के नवनिर्वाचित पदाधिकारी के द्वारा गांव को नशा मुक्त रखने की उद्देश्य से जन जागरूकता अभियान चलाया गया उनके द्वारा आगे भी इस तरह के कार्यक्रम चलाने की बात कही गई ताकि गांव में लोग सुंदर एवं व्यवस्थित ढंग से जीवन यापन कर सके। जन जागरूकता रैली के दौरान ग्राम पंचायत लखाली की सरपंच श्रीमती रेवती चंद्रा उप सरपंच श्रीमती प्रमिला चंद्रा सहित गांव के पंच एवं ग्रामीण भी इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



जन जागरुकता रैली निकालते पंचायत प्रतिनिध एवं ग्रामीण।

## प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होंगे भाजपा कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को बिलासपुर आ रहे है। इसी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मण्डल अकलतरा की बैठक ग्राम पोड़ी दलहा मे पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू,भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष पवन यादव, मण्डल महामंत्री प्रेमसागर कश्यप, भाजपा नेता आनंद प्रकाश मिरी ,देवकुमार अघरिया प्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष ,बलराम सिंह के उपस्थिति मैं आयोजित की गई।

चुन्नीलाल साहू ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर बिलासपुर में क्षेत्रववशियो को सौगात देने आ रहे है। बूथ स्तर से तैयारी कर सभी कार्यकर्ताओं को व्यवस्थित रूप जाने व्यवस्था की जाएगी। अकलतरा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष पवन यादव ने कहा कि प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यक्रम में जाने सभी कार्यकर्ता अपने बूथ स्तर पर तैयारी करें। मण्डल महामंत्री प्रेमसागर कश्यप ने भाजपा कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक कार्यक्रम में शामिल का आग्रह किया है। इस दौरान जितेंद्र कौशिक अध्यक्ष युवा मोर्चा अकलतरा ग्रामीण,शांति लाल साहू,बालकराम यादव,रोहित पाटले, सुबोध थवाईत, लव मिरी,दिगम्बर साहू, हरप्रकाश धीवर, कन्हैयालाल गंधर्व, विष्णु साहू ,ललित सोनी, प्रभा सिंह, गोमती कंवर,नवनीता कंवर, रवि निर्मलकर,रेशम लाल प्रधान, लुकेश कुमार साहू, कर्मवीर सिंह, मदन कश्यप,प्रमोद सिंह, पुरषोत्तम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## गांव-गांव मे चौपाल लगाकर लोगों को सायबार क्राइम के बारे में करेंगे जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने पुलिसिंग व्यवस्था में कसावट लाने के लिए जिले के आधा दर्जन थाना प्रभारी सहित अन्य कर्मचारियों की स्थानांतरण सूची जारी की है। इसी आदेश को पालन करते हुए साइबर सेल प्रभारी पारस पटेल को नवागढ़ थाना का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।

नवपदस्थ थाना प्रभारी पारस पटेल ने गुरुवार सुबह नवागढ़ थाना पहुंचे। तत्कालीन थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने नवपदस्थ थानेदार पारस पटेल को नवागढ़ थाना का चार्ज दिया। थाना प्रभारी पारस पटेल का नवागढ़ थाना के सभी स्टॉफ ने स्वागत किया। नए थानेदार पारस पटेल ने बताया कि नवागढ़ थाना के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बना रखना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया की लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा कर लोगो को पुलिस को जागरूक कर सायबार क्राइम के बारे मे जानकारी दी जाएगी थाना के द्वारा गांव-गांव मे चौपाल लगाकर लोगो को जागरूक किया जायेगा। मुख्य सडक मे जहाँ सडक दुर्घटना होती है वहा स्पीड ब्रेकर बनवाया जायेगा। एवं थाना क्षेत्र के सभी गांवो में कोई भी किसी भी प्रकार की क्षेत्र में अगर कोई गुंडा बदमाशी करता है इसकी शिकायत तत्काल थाना में दें गुंडा बदमाशों को किसी भी सूरत में नहीं बक्शा जायेगा तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



नए थाना प्रभारी का स्वागत करते पुलिस स्टाफ।

**रात्रि सभी गांवो मे होंगी नियमित पेट्रोलिंग गश्त**

नवपदस्थ थाना प्रभारी पारस पटेल ने बताया कि नवागढ़ थाना क्षेत्र के सभी गांवो में रात्रि नियमित पेट्रोलियम गस्त की जाएगी रात को 10:00 बजे के बाद बिना वजह घूमते मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रात्रि पेट्रोलिंग गस्त के दौरान कुछ लोग देर रात बिना वजह घूमने मिलने पर थाना प्रभारी पारस पटेल ने उनको समझाईस दी एवं अगले बार देर रात तक घूमते मिलने पर कडी कार्रवाई की बात कही ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे।

## पोड़ी दल्हा के मुर्रा तालाब से फिर पकड़ा गया एक मगरमच्छ

**अकलतरा।** ग्राम गांव पोड़ी दल्हा के मुर्रा तालाब में एक 6 फीट का मगरमच्छ देखे जाने के बाद उसे क्रोकोडाइल पार्क कोर्ट में सुनार के रेस्क्यू टीम के द्वारा पकड़ कर क्रोकोडाइल पार्क में शिफ्ट किया गया।

पोड़ी दल्हा के सरपंच जीतेन्द्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार 28 मार्च को उन्हें लोगों ने बताया कि एक 6 फीट का मगरमच्छ गांव के मूर्रा तालाब के मेड़ के बने ढलान में धूप सेंक रहा है और यह दो दिन से इसी जगह देखा जा रहा है। जितेंद्र सिंह के द्वारा क्रोकोडाइल पार्क कोटमी सोनार में इसकी क्रोकोडाइल पार्क कोर्ट में सुंदर की रेस्क्यू टीम चार बजे पोड़ी दल्हा पहुंची और दो घंटे की मेहनत से मगरमच्छ को पकड़कर क्रोकोडाइल पार्क में शिफ्ट कर दिया। गौरतलब है कि कर्रा नाला बांध में आज भी बड़ी संख्या में मगर है जो समय-समय पर आसपास के गांवों में पहुंच जाते हैं और देखें जाने पर गांव वालों द्वारा वन विभाग को सूचना देकर पकड़ लिए जाते हैं। अभी तक इन मगरमच्छों से कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन वन विभाग एवं प्रशासन को एक ठोस योजना बनाकर कर्रा नाला को चारों ओर से घर कर क्षेत्र वासियों को सुरक्षित रखने की पहल की जानी चाहिए। अब तक कल्याणपुर के मगर नहीं पकड़े गए हैंः-बीते दिनों कल्याणपुर के अमहा तालाब में भी तीन मगरमच्छ देखे गए थे। समाचार पत्रों में खबर प्रशासन के बाद वन विभाग के द्वारा उन्हें पकड़ने की कवायद की गई थी, लेकिन अभी तक मगरमच्छों को पड़कर क्रोकोडाइल पार्क में शिफ्ट नहीं किया जा सका है जिसके चलते कल्याणपुर के लोगों में निस्तार करते समय भय बना रहता है।



मगरमच्छ के साथ रेस्क्यू टीम।

### जोन सिवनी में 10 संकुल से 60 शिक्षकों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

# मॉड्यूल के बारीकियों से शिक्षकों को कराया गया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

पूर्व माध्यमिक और हाई हायर सेकेंडरी स्कूलों के शिक्षकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जोन सिवनी में 10 संकुल से 60 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत विद्यालय जाने वाले बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्व माध्यमिक और हाई हायर सेकेंडरी स्कूलों के शिक्षकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण बलौदा विकास खंड में दिया गया। सिवनी जोंन में 10 संकुल के शिक्षकों ने उक्त प्रशिक्षण प्राप्त किया। उक्त जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रभारी अशोक तिवारी ने बताया कि इन पांच दिनों में जिन विषयों पर जानकारी दी गई उसमें - स्वास्थ्य बढ़ना, भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, पारस्परिक संबंध, मूल्य और नागरिकता, जेंडर समानता, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता,पदार्थ के दुरुपयोग की रोकथाम और प्रबंधन, स्वास्थ्य जीवन शैली का प्रोत्साहन, प्रजनन स्वास्थ्य और एच.आई. वी. की रोकथाम, हिंसा और चोटों के खिलाफ सुरक्षा, तथा इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना इन सभी मॉड्यूल पर प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑडियो वीडियो द्वारा बहुत सुंदर ढंग से बताया गया। प्रशिक्षण में बीच - बीच में शिक्षार्थी केंद्रित गतिविधियों जैसे खेल प्रश्नोत्तरी केस स्टडी और भूमिका निर्वहन आदि ने इस प्रशिक्षण को और भी रोचक बनाया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर सुरेश कुमार सी एच हो और सीमा दोनों स्वास्थ्य विभाग से उपस्थित होकर मॉड्यूल के बारीकियों से सबको अवगत कराए। प्रथम दिन प्री टेस्ट और अंतिम दिवस पोस्ट टेस्ट ,फीडबैक के बाद सबको आनलाइन प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ । जोन सिवनी में 10 संकुल से 60 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर इस कार्य को स्कूलों में चलाने हेतु एम्बेसडर बने।




प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि- स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

